# जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 30.06.2024

**थाना आदर्श मण्डी पुलिस द्वारा चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए 02 अभियुक्तगण गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की हुयी नकदी, डीवीआर (सीसीटीवी) व अवैध हथियार बरामदः-**

आज दिनांक 30.06.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध वाहन/व्यक्ति की चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना आदर्श मण्डी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत मौहल्ला जाट कालोनी में हुयी चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 अभियुक्तगण को चोरी की हुयी नकदी व मौहल्ला काकानगर थाना कोतवाली शामली में घर से चोरी की हुयी नकदी व 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना आदर्श मण्डी व थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। घटना में लिप्त अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीमें लगी हुयी हैं। शीघ्र ही अभियुक्त की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।

ज्ञात हो कि दिनांक 17.06.2024 को वादी श्री सचिन वर्मा पुत्र विरेन्द्र सिंह निवासी मौहल्ला जाट कालोनी थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध घर से नकदी व अन्य सामान चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना आदर्श मण्डी पर व दिनांक 20.06.2024 को वादी श्रीमती छोटी देवी पत्नी श्री चन्द्रवीर सिंह निवासी मौहल्ला काकानगर थाना कोतवाली शामली ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध घर से नकदी व अन्य सामान चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर तहरीर दी थी। पीडितों की तहरीर के आधार पर थाना आदर्श मण्डी व थाना कोतवाली पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किये गये थे। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना का शीघ्र अनावरण कर अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी थाना आदर्श मण्डी व प्रभारी थाना कोतवाली को निर्देशित किया गया था।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.कार्तिक पुत्र चन्द्रवीर निवासी मौहल्ला पंसारियान थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

2.रोहित पुत्र सुरेन्द्र निवासी मौहल्ला पंसारियान थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त कार्तिक उपरोक्तः-**

1.मु0अ0सं0 0156/2023 धारा 392/411 भादवि थाना थानाभवन जनपद शामली।

2.मु0अ0सं0 0053/2023 धारा 392/411 भादवि थाना बाबरी जनपद शामली।

3.मु0अ0सं0 0229/2023 धारा 307 भादवि व धारा 25/27 आयुध अधिनियम थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

4.मु0अ0सं0 0223/2023 धारा 392/411 भादवि थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.चोरी की हुयी नकदी (6700/- रुपये )।

2.डीवीआर (सीसीटीवी)।

3.एक अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 श्री अनिल कुमार थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली।

2.का0 राहुल कुमार थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली।

3.का0 अभिषेक थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली।

4.का0 राजीव थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली।



**थाना गढीपुख्ता पुलिस द्वारा दहेज हत्या के मामले में वाछिंत 01 अन्य अभियुक्त गिरफ्तारः-**

आज दिनांक 30.06.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी थानाभवन के निकट पर्यवेक्षण में थाना गढीपुख्ता पुलिस द्वारा दहेज हत्या के मामले में वांछित 01 अन्य अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना गढीपुख्ता पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। घटना में लिप्त अन्य अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु टीमें लगाई गयी है। शीघ्र ही अन्य अभियुक्तगण की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।

ज्ञात हो कि दिनांक 24.05.2024 को थाना गढीपुख्ता क्षेत्रान्तर्गत दहेज हत्या के संबंध में मृतका के परिजनो द्वारा थाना गढीपुख्ता पर लिखित तहरीर दी गई थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना गढीपुख्ता पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना में लिप्त अभियुक्तगण की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना थानाभवन को निर्देशित किया गया था। ज्ञात हो कि घटना में लिप्त अभियुक्त सचिन को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.राजकुमार पुत्र मेघ्घा निवासी ग्राम पेलखा थाना गढीपुख्ता जनपद शामली।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.निरी0 श्री प्रवेश कुमार प्रभारी थाना गढ़ीपुख्ता जनपद शामली।

2.उ0नि0 श्री रामेन्द्र सिंह थाना गढ़ीपुख्ता जनपद शामली।

3.का0 जितेन्द्र शर्मा थाना गढ़ीपुख्ता जनपद शामली।



**थाना झिंझाना पुलिस द्वारा नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तारः-**

आज दिनांक 30.06.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा नाबालिग से छेडछाड के मामले में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

ज्ञात हो कि दिनांक 29.06.2024 को थाना झिंझाना क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग के साथ छेडछाड के सम्बन्ध पीड़िता के परिजनों द्वारा थाना झिंझाना पर तहरीर दी थी। परिजन की तहरीर के आधार पर थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना की गम्भीरता के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना झिंझाना को निर्देशित किया गया था।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.वसीक पुत्र शकील निवासी मौहल्ला सैदमीर कस्बा व थाना झिंझाना जनपद शामली।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 श्री राघवेन्द्र सिंह थाना झिंझाना जनपद शामली।

2.है0का0 खालिद अखलाक थाना झिंझाना जनपद शामली।



**थाना आदर्श मण्डी पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 अदद अवैध छुरी बरामद।**

आज दिनांक 30.06.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाये जा रहे अवैध शराब/अवैध हथियार की बरामदगी/निर्माण/तस्करी में लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी आदर्श मण्डी के कुशल पर्यवेक्षण में थाना आदर्श मण्डी पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को 01 अवैध छुरी सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना आदर्श मण्डी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.रेश उर्फ काला पुत्र बाबूराम निवासी मौहल्ला नन्दुप्रसाद थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.अवैध 01 छुरी।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 श्री बन्टी सिंह कुमार थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली।

2.का0 आदेश कुमार थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली।

3.का0 अक्षय मावी थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली।



**थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 01 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-**

आज दिनांक 30.06.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 01 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के संबंध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.नईम पुत्र नफीस निवासी मलकपुर थाना कैराना जनपद शामली।



**SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI**